## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# महाकुम्भ 2021 को लेकर पुलिस विभाग ने कसी कमर

### ड्यूटी पर आने वाले पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के द्वितीय प्रशिक्षण सत्र का विधिवत शुभारम्भ

**तैयारी**

**संवाददाता**

हरिद्वार। कुंभ मेले में छोटी सी चूक न हो इसके लिए कुंभ पुलिस फूक फूक कर कदम रख रही है। कुंभ ड्यूटी में आने वाले हर पुलिसकर्मी को कुंभनगरी के भौतिक ज्ञान से लेकर आंतरिक सुरक्षा, यातायात व्यवस्था व भीड़ नियंत्रण की बारीकियों से वाकिफ होना जरूरी है, इसलिए इस दिशा में आगे कदम बढ़ाते हुए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित करने की तैयारी है। इस प्रशिक्षण शिविर में आठ से दस हजार पुलिसकर्मी कुंभ ड्यूटी को समझने से लेकर और बेहद जरूरी टिप्स सीखेंगे।

कुंभ में सेवाएं दे चुके एक्स्पर्ट उनके शिक्षक की भूमिका निभाएंगे ही, साथ साथ मौजूदा समय की चुनौतियों से भी रूबरू कराया जाएगा। अगले वर्ष की एक जनवरी को कुंभ मेले का आगाज हो जाएगा। अब पुलिस महकमे ने भी कुंभ को लेकर एक्सरसाइज शुरू कर दी है। चुकीं हर बार कुंभ मेले से पूर्व पुलिस फोर्स का प्रशिक्षण होता है, लिहाजा इस बार भी प्रशिक्षण की पूरी तैयारी कर ली गई है।



प्रशिक्षण सत्र का विधिवत शुभारम्भ कर सम्बोधित करते हुए डीजीपी।

पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अनिल रतूड़ी ने कुम्भ मेला 2021 में ड्यूटी पर आने वाले पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के द्वितीय प्रशिक्षण सत्र का विधिवत सुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न अखाड़ो के पदाधिकारिगण एवम गंगा सभा का पदाधिकारिगण भी सम्मिलित रहे। जबकि पहला बैच 15 जनवरी को शुरू हुआ था, जिसका शुभारंभ खुद कुंभ आइजी संजय गुंज्याल ने किया था। पहले बैच में 200 पुलिसकर्मी शामिल हुए थे, जिन्हें पांच दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक अनिल रतूडी, पुलिस महानिदेशक अपराध एवम कानून व्यवस्था अशोक कुमार, पुलिस महानिरीक्षक कुम्भ मेला 2021 संजय गुंज्याल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुम्भ मेला 2021 जनमजेय खंडूरी द्वारा अपने अनुभवों को प्रशिक्षणार्थियों के साथ साझा करते हुए उन्हें सम्बोधित एवम मार्गदर्षित किया गया। प्रशिक्षण में कुंभ का महत्व, यातायात व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, प्राथमिक उपचार, बचाव राहत कार्य की जानकारी ट्रेनिंग के दौरान दी गई। साथ–साथ उन्हें कुंभ मेला क्षेत्र का भी भ्रमण कराया जाएगा। इस बात पर विशेष फोकस रहेगा कि आमजन से किस तरह पेश आना है। आइजी कुंभ संजय गुंज्याल ने बताया कि सेवारत के अलावा रिटायर्ड हो चुके पुलिस अधिकारी एवं विद्वानों के द्वारा कुंभ संबंधित जानकारी पुलिस फोर्स को दी जा रही है। यह प्रशिक्षण अब लगातार चलता रहेगा। यातायात पुलिस, नागरिक पुलिस, अलाईयू, रेडियो से लेकर हर विंग के कर्मचारी प्रशिक्षण लेंगे।

## न्यूज डायरी

### कम्प्लीशन प्रोजेक्ट रिपोर्ट नाबार्ड को प्रोजेक्ट पूर्ण होते ही उपलब्ध कराने के निर्देश दिये

**संवाददाता** देहरादून। सचिवालय सभागार में मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में नाबार्ड की चतुर्थ उच्चस्तरीय समिति की बैठक हुई। मुख्य सचिव ने दिसम्बर, 2019 में हुई नाबार्ड की तृतीय उच्च स्तरीय समिति की बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में हुई प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने सभी विभागाध्यक्षों से कम्प्लीशन प्रोजेक्ट रिपोर्ट नाबार्ड को प्रोजेक्ट पूर्ण होते ही उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि लघु सिंचाई, रूरल वर्क्स डिपार्टमेंट द्वारा स्वीकृति धनराशि का पूर्णयता उपयोग कर लिया गया है। मुख्य सचिव द्वारा लोक निर्माण विभाग, पेयजल निगम, राजकीय सिंचाई को निर्देश दिये गये कि वे स्वीकृत प्रोजेक्टों में युद्धस्तर पर कार्य करें। बैठक में नाबार्ड द्वारा बताया गया कि नाबार्ड में ट्रैंच ग्ट में स्वीकृत प्रोजेक्टों की कम्प्लीशन प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्राप्त हो गई है।

### राज्यपाल ने मां शक्ति की पूजा–अर्चना की, 'शक्ति स्तवनम' पुस्तक का किया विमोचन

**संवाददाता** देहरादून। राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने आज दक्षिण काली पीठ मंदिर हरिद्वार पहुंच अपने परिजनों के साथ मां शक्ति की पूजा अर्चना की। शक्ति पीठ मां काली के उपासक महामण्डलेश्वर स्वामी कैलाशानंद ने शक्ति पीठ पर राज्यपाल की पूजा विधि विधान से सम्पन्न करायी। इसके बाद राज्यपाल ने यहां आयोजित पुस्तक विमोचन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर स्वामी कैलाशानंद की पुस्तक 'शक्ति स्तवनम' अति दुर्लभ स्तोत्र संग्रह का विमोचन किया। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्चाय बालकृष्ण ने की। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, उत्तर प्रदेश के राज्य गन्ना मंत्री सुरेश पासी, विधायक सुरेश राठौर, आदेश चौहान, ममता राकेश, देशराज कर्णवाल, संजय गुप्ता, मेयर अनिता शर्मा, शिवालिक नगर पालिका के अध्यक्ष राजीव शर्मा, मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लक्ष्मीनारायण चौधरी सहित अनेक संत महंतगण उपस्थित रहे।

### खुकरी सहित एक धरा

**संवाददाता** देहरादून। कोतवाली पटेलनगर पुलिस नें चेकिंग के दोरान शिमला बाईपास रोड़ से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्ज़े से एक खुकरी बरामद हुई अभियुक्त की पहचान गौरव पुत्र राजेश निवासी आर्य समाज मंदिर चंद्वमणि भूत वाला चौक देहरादून के रूप में हुई अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत चालान कर जेल भेज दिया।

# तीन बैटरी चोर गिरफ्तार, जेल भेजे

**सफलता**

देहरादून। **संवाददाता**

थाना डोइवाला पुलिस को ग्राम प्रधान अमरजीत कौर पत्नी परविंदर निवासी ग्राम मारखम ग्रांट ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर बताया कि ग्राम पचांयत द्वारा लगाई गई सोलर लाईट, बैटरियां चोरों द्वारा चोरी कर ली है जिस पर थाना डोईवाला पुलिस नें अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खगांले गये पुलिस टीम ने मुखाबिर की सूचना के आधार पर मणि मदिंर के पास से एक छोटा हाथी सख्या यूके 07 सीए 3783 को पकड़ लिया जिसकी तलाशी के दोरान सात बैटरी मय माल के बरामद कर मोके से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया पकड़े गये अभियुक्तों ने अपना नाम इमरान पुत्र इस्लाम निवासी दिल्ली फार्म हाउस हर्रावाला, शहिद पुत्र वहिद निवासी ग्राम तेलीवाला थाना डोईवाला, शादाब पुत्र समशुददीन निवासी 110 चंदन नगर कोतवाली नगर देहरादून बताया। तीनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।



पकड़े गए बैटरी चोर।

### आपातकालीन परिस्थिति के लिए आवश्यक खोज एवं बचाव कार्य को उपकरण वितरित किए



आपदा बचाव कार्य उपकरण वितरित करते एडीएम वीर सिंह बुदियाल।

**संवाददाता** देहरादून। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत किसी आपदा या आपातकालीन परिस्थिति के लिए आवश्यक खोज एवं बचाव कार्य हेतु उपकरण क्रय किये गये। जिलाधिकारी व अध्यक्ष आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण सी रविशंकर के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बीर सिंह बुदियाल ने जनपद के विभिन्न विभागों की मांग के अनुसार तहसील एवं विभागों को वुड कटर, सर्च लाईट, वॉकी–टॉकी, स्ट्रेक्चर, तिरपाल, आयरन कटर, पेलिकन लाईट उपलब्ध कराने के साथ ही विभागों के कार्मिकों को उपकरणों के संचालन के बारें में डेमो द्वारा भी जानकारी दी गयी।

### 25 प्रतिशत मार्जिन मनी ऋण 4 प्रतिशत वार्षिक दर पर उपलब्ध कराया जायेगा

**संवाददाता** देहरादून। खण्ड विकास अधिकारी रायपुर धीरज सिंह रावत ने अवगत कराया कि उत्तराखण्ड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित स्वतः रोजगार योजना में विकासखण्ड रायपुर में पात्र अनुसूचति जाति के लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाना है। उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के गरीबी रेखा शहरी क्षेत्र में रू0 5400, गम्रीण क्षेत्रों में रू0 4400 तक मासिक आय से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को निगम की स्वतः रोजगार योजना (कृषि सेवा एवं अन्य व्यवसाय) के अन्तर्गत रू0 20 हजार से 7 लाख तक की परियोजना संचालन हेतु राष्ट्रीयकृत, सहकारी बैंक के माध्यम से ऋण उपलबध कराया जाता है। निगम द्वारा योजना की लागत में 10 हजार रू0 अनुदान के अतिरिक्त कुल योजना लागत की 25 प्रतिशत् मार्जिन मनी ऋण 4 प्रतिशत् वार्षिक दर पर उपलब्ध कराया जायेगा। इच्छुक पात्र व्यक्तियों को जाति एवं आय प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत का चयनित प्रस्ताव, आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, राशन कार्ड बैंक खाते का विवरण लाना आवश्यक है। इच्छुक पात्र व्यक्ति सहायक समाज कल्याण अधिकारी रायपुर से किसी भी कार्य–दिवस में जानकारी एवं फार्म प्राप्त कर सकते हैं।


## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड (केन्द्रीय)
18 – ई.सी. रोड, देहरादून–248001 दूरभाष/फैक्स : 0135–2653040
CIN : U40109UR2001SGC025867

### निविदा सूचना

एतद्द्वारा विद्युत वितरण खण्ड (केन्द्रीय), देहरादून के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यों के लिए 'क' श्रेणी के लाईसेन्स धारक अथवा अनुभवी निविदादाताओं जो कि आयकर, जी0एस0टी0 में पंजीकृत हो से मुहरबन्द निविदायें दो भागों में, प्रथम भाग निर्धारित धरोहर राशि जो किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/डाकघर की सी0डी0आर0/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड(केन्द्रीय), देहरादून के नाम बन्धक हो एवं जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र की एक प्रति भी देनी होगी तथा द्वितीय भाग में नियम शर्तें एवं दरें जो कि छः माह के लिए वैध हों, आमंत्रित की जाती हैं। जोकि उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। बिना धरोहर राशि के द्वितीय भाग नहीं खोला जायेगा। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। उपरोक्त तिथि को यदि अवकाश होता है तो निविदायें अगले कार्य दिवस में विक्रय तथा खोली जायेंगी।

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) | निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | धरोहर राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| EDD(C)-09/19-20 | विद्युत वितरण खण्ड (केन्द्रीय) के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के राजस्व प्रपत्रों की छपाई एवं आपूर्ति का कार्य। | 250+GST | 05.02.2020 | 06.02.2020 16:00 बजे | 06.02.2020 16:30 बजे | रु. 80000/- |

पत्रांक : 260/वि0वि0ख0(के0)/दे0दून/Advt.
दिनांक : 21/01/2020

**अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत वितरण खण्ड(केन्द्रीय)**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912)
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. – 1800 180 4185/ फैक्स संख्या: 0135–2760911 पर दें)